पत्रांक-15/अ6045/82 शि0 1142
बिहार सरकार, शिक्षा विभाग ।

प्रेषक,

श्री ए0के0 विश्वास,
सरकार के अपर सचिव ।

सेवा में,

कुलसचिव,
ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा ।

पटना, दिनांक 23 दिसम्बर, 82 ।

विषयः- त्रिवेणीगंज महाविद्यालय त्रिवेणीगंज सहरसा को स्नातक स्तर पर संबंधन देने के संबंध में ।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्रांक 1123 दिनांक 16-1-81 के प्रसंग में निदेशानुसार कहना है कि राज्य सरकार ने प्रस्तावित त्रिवेणीगंज महाविद्यालय, त्रिवेणीगंज, सहरसा को पूर्ण तथा अस्थायी रूप से निम्नांकित संकाय में 1980-81 से दो सत्रों के लिये संबंधन देने के प्रस्ताव से सहमत है :-

बी0ए0:- अनिवार्य विषय, अर्थशास्त्र, राजनीतिशास्त्र, इतिहास, दर्शनशास्त्र, समाजशास्त्र, गणित संस्कृत मनोविज्ञान, मैथिली, हिन्दी उर्दू और भूगोल ।

बी0काम:- अनिवार्य विषय एवं एडभान्स एकाउन्ट्स, ऑडिटिंग एडवान्स बैंकिंग कौन्सी इन्शोरेन्स सल एकोनमिक्स ।

2- संबंधन के फलस्वरूप पद सृजन या अन्य किसी प्रकार से कार्य पर होने वाले वित्तीय भार राज्य सरकार पर नहीं होगा ।

3- इस बीच तीन माह के अन्दर प्रबन्ध समिति निर्धारित शुल्क जमाकर इन्टरमीडियट शिक्षा परिषद की स्वीकृति प्राप्त कर लें ।

4- निदेशक (उच्च शिक्षा), बिहार पटना को सूचित कर दिया गया है ।

5- संबंधित प्रधानाचार्य को उक्त निर्णय से अविलम्ब अवगत कराने का कष्ट करें ।

विश्वासभाजन
ह0/- अस्पष्ट
(ए0के0 विश्वास)
सरकार के अपर सचिव

ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय,
कामेश्वरनगर, दरभंगा

ज्ञाप सं0- 2038-41 दिनांक 21. 2. 83.

प्रतिलिपि प्रेषित

(1) प्रोफेसर इन्चार्ज, त्रिवेणीगंज महाविद्यालय, त्रिवेणीगंज के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ ।

(2) परीक्षा नियंत्रक, ल0ना0मि0वि0, दरभंगा ।

(3) वित्त पदाधिकारी, ल0ना0मि0वि0, दरभंगा को

(4) प्रशाखा पदाधिकारी, अनुमति एवं पंजीयन, ल0ना0मिथिला विश्वविद्यालय दरभंगा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ ।

कुलसचिव

Principal
A.L.Y. College Triveniganj
(Supaul)